## अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार
## विज्ञापन संख्या–01/2025

**बिहार राज्य के विधि विज्ञान प्रयोगशाला, क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं एवं जिला चलन्त विधि विज्ञान इकाईयों के लिए रिक्त पदों के विरूद्ध निर्धारित मानक के आधार पर सहायक निदेशक (राजपत्रित) एवं वरीय वैज्ञानिक सहायक (अराजपत्रित) क अस्थायी रूप से संविदा के आधार पर नियोजन हेतु सूचना।**

.......................................................................................................................................................

बिहार राज्य के विधि विज्ञान प्रयोगशाला, क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं एवं जिला चलन्त विधि विज्ञान इकाईयों के लिए रिक्त पदों के विरूद्ध निर्धारित मानक के आधार पर 89 सहायक निदेशक एवं 100 वरीय वैज्ञानिक सहायक के अस्थायी रूप से संविदा के आधार पर मात्र 11 (ग्यारह) माह के लिए नियोजन हेतु इच्छुक उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में Online आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

2. इच्छुक उम्मीदवार इस संबंध में विस्तृत जानकारी अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार की इस निमित्त अधिकृत वेबसाइट– https://cidfslrecruitment.bihar.gov.in/ पर देख सकते हैं। इसे बिहार पुलिस के अधिकारिक वेबसाइट https://police.bihar.gov.in/ पर भी देखा जा सकता है।

3. उम्मीदवार आवेदन भरने से पूर्व इस विज्ञापन में प्रकाशित सभी आवश्यक निर्देशों का भली–भाँति अध्ययन कर लें, ताकि आवेदन भरने में कोई कठिनाई न हो। उम्मीदवार विशेष रूप से उक्त नियोजन के लिये वांछित प्रमाण–पत्रों (वैधता अवधि/निर्गत तिथि आदि) एवं विभिन्न कट–ऑफ तिथियों का भली–भाँति अध्ययन कर लें और सुनिश्चित कर लें कि उनके पास आवेदन समर्पित करते समय सभी आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण अथवा अपूर्ण सूचनाएँ अंकित करने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत हो सकता है।

4. आवेदन पत्र समर्पित करने हेतु महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्न प्रकार है :–

| | |
|---|---|
| Online आवेदन समर्पित करने हेतु प्रारम्भिक तिथि | 06.10.2025 |
| Online आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय | 31.10.2025, 23.59 बजे |

5. उक्त पदों के लिए आवश्यक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यताएँ एवं अनुभव निम्न तालिका के **स्तम्भ–04** के अनुसार तथा मासिक मानदेय निम्न तालिका के **स्तम्भ–06** के अनुसार होगा।

| क्र0 सं0 | प्रभाग | प्रशाखा | शैक्षणिक अर्हता | सहायक निदेशक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | रिक्त पद | प्रतिमाह देय मानदेय |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | रसायन | (क) विष विज्ञान<br>(ख) सामान्य रसायन<br>(ग) नारकोटिक्स<br>(घ) विस्फोटक | फॉरेंसिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, जैव रसायनिक, औषध शास्त्र, विष विज्ञान में से किसी एक विषय में एम0एस0सी0/एम0टेक0। | 36 | ₹ 65,000/– |
| 2 | भौतिकी | (क) भौतिकी<br>(ख) आग्नेयास्त्र | फॉरेंसिक विज्ञान, भौतिकी, गणित में से किसी एक विषय में एम0एस0सी0/एम0टेक0 अथवा कम्प्यूटर साईस, इलेक्ट्रॉनिक, इंस्ट्रूमेंटेशन में बी0टेक/बी0ई0 के साथ एक वर्ष की विशेषज्ञता। | 27 | ₹ 65,000/– |
| | | (ग) फोटो<br>(घ) उपकरण<br>(ड़) साईबर | कंप्यूटर साईस, इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल में बी0टेक0/ बी0ई0 के साथ एक वर्ष की विशेषज्ञता अथवा एप्लाईड भौतिकी में एम0एस0सी0/एम0टेक0 | | |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | जीव विज्ञान | (क) जीव विज्ञान<br>(ख) सीरम विज्ञान<br>(ग) डी0एन0ए0 | फॉरेंसिक साईंस, जीव विज्ञान, वनस्पति शास्त्र, जीव रसायन, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, अनुवांशिकी, मॉलीक्यूलर बायोलॉजी में से किसी एक विषय में एम0एस0सी0 / एम0टेक0 | 20 | ₹ 65,000 / – |
| 4 | मनोविज्ञान | (क) पॉलीग्राफी<br>(ख़) नारको एनालाईसिस | एम0एस0सी0 / एम0टेक0 / एम0 ए0 (साईक्लॉजी / क्लीनिकल साईक्लॉजी मे विशेषज्ञता) | 06 | ₹ 65,000 / – |

| क्र० सं0 | प्रभाग | प्रशाखा | शैक्षणिक अर्हता | वरीय वैज्ञानिक सहायक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | रिक्त पद | प्रतिमाह देय मानदेय |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 1 | रसायन | (क) विष विज्ञान<br>(ख) सामान्य रसायन<br>(ग) नारकोटिक्स<br>(घ) विस्फोटक | फॉरेंसिक विज्ञान, रसायन शास्त्र, जैव रसायनिक, औषध शास्त्र, विष विज्ञान में से किसी एक विषय में एम0एस0सी0 / एम0टेक0। | 36 | ₹ 50,000 / – |
| 2 | भौतिकी | (क) भौतिकी<br>(ख) आग्नेयास्त्र | फॉरेंसिक विज्ञान, भौतिकी, गणित में से किसी एक विषय में एम0एस0सी0 / एम0टेक0 अथवा कम्प्यूटर साईंस, इलेक्ट्रॉनिक, इंस्ट्रूमेंटेशन में बी0टेक / बी0ई0 के साथ एक वर्ष की विशेषज्ञता। | 36 | ₹ 50,000 / – |
| | | (ग) फोटो<br>(घ) उपकरण<br>(ड़) साईबर | कंप्यूटर साईंस, इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल में बी0टेक0 / बी0ई0 के साथ एक वर्ष की विशेषज्ञता अथवा एप्लाईड भौतिकी में एम0एस0सी0 / एम0टेक0। | | |
| 3 | जीव विज्ञान | (क) जीव विज्ञान<br>(ख) सीरम विज्ञान<br>(ग) डी0एन0ए0 | फॉरेंसिक साईंस, जीव विज्ञान, वनस्पति शास्त्र, जीव रसायन, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, अनुवांशिकी, मॉलीक्यूलर बायोलॉजी में से किसी एक विषय में एम0एस0सी0 / एम0टेक0। | 20 | ₹ 50,000 / – |
| 4 | मनोविज्ञान | (क) पॉलीग्राफी<br>(ख़)नारको एनालाईसिस | एम0एस0सी0 / एम0टेक0 / एम0ए0 (साईक्लॉजी / क्लीनिकल साईक्लॉजी मे विशेषज्ञता) | 08 | ₹ 50,000 / – |

6. **आयु सीमा** : उक्त पदों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष होगी। आयु की गणना दिनांक–01.10.2025 के आधार पर की जायेगी। सेवानिवृत पदाधिकारियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी।

7. **आवेदन शुल्क** : प्रत्येक आवेदन के लिये आवेदन शुल्क–₹ 100/– निर्धारित है। उक्त आवेदन शुल्क का भुगतान Online अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से किया जा सकता है। Online माध्यम से शुल्क का भुगतान आवेदन पत्र में दिये गये Payment Gateway Link का उपयोग कर किया जा सकता है। डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से शुल्क का भुगतान पुलिस उप महानिरीक्षक (अप0)–सह–अध्यक्ष, नियोजन बोर्ड, अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना के पक्ष



Scanned with OKEN Scanner

में भारतीय स्टेट बैंक (Payable at Patna Secretariat Branch Code-00153) के माध्यम से किया जा सकता है। उक्त डिमाण्ड ड्राफ्ट निम्नांकित पते पर दिनांक–31.10.2025 तक प्राप्त हो जाए।

**पता**– पुलिस उप महानिरीक्षक(अप0)–सह–अध्यक्ष, नियोजन बोर्ड, अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना, सरदार पटेल भवन, ए ब्लॉक, प्रथम तल, बेली रोड, पटना –800023, दूरभाष संख्या–0612–2294159

8. **चयन प्रक्रिया** : उम्मीदवारों का चयन नियोजन हेतु गठित बोर्ड द्वारा किया जायेगा।
9. जो उम्मीदवार सहायक निदेशक एवं वरीय वैज्ञानिक सहायक दोनों पदों के लिये आवेदन देना चाहते हैं, उन्हें दोनों पदों के लिए अलग–अलग आवेदन देना होगा।
10. इस नियोजन के लिए सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के पत्र संख्या–11/आ०नि०–I–10/2023 सा०प्र०–14396, दिनांक–10.09.2024 के प्रावधानों के अनुसार आरक्षण लागू होगा। आरक्षण की सुविधा केवल बिहार राज्य के उम्मीदवारों को देय है। बिहार राज्य के बाहर के उम्मीदवार को आरक्षण का लाभ देय नहीं है, उन्हें सामान्य कोटि के अंतर्गत माना जायेगा।
11. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित प्रति तथा पासपोर्ट साईज का फोटो संलग्न (Upload) करना अनिवार्य होगा।
12. यदि किसी उम्मीदवार के पास किसी विषय में स्नातकोत्तर (Post-Graduate) शैक्षणिक योग्यता हो तो मेधा सूची तैयार करने के उद्देश्य से स्नातकोत्तर (Post-Graduate) के प्राप्तांको को ही मान्यता दी जायेगी।
13. रिक्त पदों का 50 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतीक्षा सूची (Waiting List) बनायी जायेगी, जिसकी वैधता मेधा सूची निर्गत करने की तिथि से ग्यारह माह तक की होगी। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में प्रतीक्षा सूची में से नियोजित किये जाने वाले उम्मीदवार के नियोजन की अवधि उसके नियोजन की तिथि से मेधा सूची निर्गत होने की तिथि से ग्यारह माह तक की होगी।
14. यदि किसी उम्मीदवार का चयन सहायक निदेशक एवं वरीय वैज्ञानिक सहायक दोनों पदों के लिए होता है तो उसे मेधा सूची के उद्देश्य से सहायक निदेशक के पद पर नियोजन हेतु ही विचार किया जाएगा, तथा वरीय वैज्ञानिक सहायक पद पर नियोजन हेतु विचार नहीं किया जाएगा तथा उसका नाम वरीय वैज्ञानिक सहायक की मेधा सूची से हटाते हुए मेधा सूची को तद्नुसार उत्क्रमित किया जाएगा।
15. यदि किसी उम्मीदवार का चयन सहायक निदेशक अथवा वरीय वैज्ञानिक सहायक में से किसी भी पद के लिए हो जाता है तो, उसका नाम अन्य किसी भी प्रतीक्षा सूची में अंकित नहीं किया जाएगा।
16. उम्मीदवारों की निर्धारित मापदंड के अनुसार चिकित्सा जाँच करायी जायेगी, जिसमें उन्हें निर्धारित मापदंड के अनुसार स्वस्थ पाये जाने पर ही नियोजित किया जायेगा। विशेष रूप से उम्मीदवार की दृष्टि चश्मा के साथ 6/6 सामान्य होनी चाहिये। कलर ब्लाइन्ड (Colour Blind) उम्मीदवारों को नियोजित नहीं किया जायेगा ।
17. नियोजन के पूर्व उम्मीदवारों का चरित्र सत्यापन कराया जायेगा। सत्यापन में प्रतिकूल तथ्य पाये जाने पर नियोजित नहीं किया जायेगा।
18. चयनित उम्मीदवार को नियोजन पत्र प्राप्त होने के 07 दिनों के अन्दर निश्चित रूप से कर्त्तव्य पर योगदान देना होगा अन्यथा उनका चयन स्वतः रद्द समझा जाएगा।
19. संविदा के आधार पर की गई सेवा किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए सरकारी सेवा नहीं मानी जाएगी तथा नियोजन की तिथि से ग्यारह माह के पश्चात् सेवा स्वतः समाप्त हो जाएगी।
20. संविदा के आधार पर नियोजित उम्मीदवारों को उपरोक्त कंडिका–5 के अनुसार मासिक मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वित्तीय लाभ अनुमान्य नहीं होगा। नियोजित उम्मीदवारों द्वारा की गयी सेवा के मानदेय के अतिरिक्त अन्य कोई भी दावा भविष्य में मान्य नहीं होगा।
21. बिहार सेवा संहिता तथा बिहार सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों के अनुरूप संविदा पर नियोजित उम्मीदवारों को प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष के लिए आकस्मिक अवकाश देय होगा।
22. संविदा के आधार पर नियोजित उम्मीदवारों को तत्कालीन कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग सम्प्रति सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–03/एम–78/2005–1003/सा०प्र०, दिनांक–22.01.2021 में निर्धारित विहित प्रपत्र में एकरारनामा भरना अनिवार्य होगा।



Scanned with OKEN Scanner

23. जिन रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा के आधार पर नियोजन की कार्रवाई की जा रही है, उन पदों के विरूद्ध नियमित नियुक्ति होने की स्थिति में संविदा पर नियोजित उम्मीदवारों का नियोजन स्वतः समाप्त हो जाएगी।

24. आवेदन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु दूरभाष संख्या–0612–2294159 पर पूर्वा0–10:00 बजे से अप0–05:00 बजे तक सम्पर्क की जा सकती है।

05/10/25

पुलिस उप–महानिरीक्षक (अप0),
–सह–अध्यक्ष, नियोजन बोर्ड
अपराध अनुसंधान विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक–1246/स्था0
अप0/स्था0/वि0वि0प्रयो0–19–01/2008 (पार्ट)
अपराध अनुसंधान विभाग, बिहार, पटना

दिनांक–05.10.2025

**प्रतिलिपिः–**

1. अपर मुख्य सचिव (गृह विभाग), बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।
2. सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार, पटना को पाँच अतिरिक्त प्रतियों के साथ संलग्न करते हुए अनुरोध है कि इस विज्ञापन को सभी प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

05/10/25

पुलिस उप–महानिरीक्षक (अप0),
–सह–अध्यक्ष, नियोजन बोर्ड
अपराध अनुसंधान विभाग,
बिहार, पटना।



Scanned with OKEN Scanner